प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी

दिनांक : 31.07.2725 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- इटारसी–नागपुर चौथी रेल लाइन को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी, मुख्यमंत्री ने जताया आभार।
- विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन दो संशोधन विधेयक हुए पारित।
- किसान सम्मान निधि के अगली किश्त दो अगस्त को प्रधानमंत्री वाराणसी से करेंगे जारी, प्रदेश में होंगे कई कार्यक्रम।
- प्रदेश में भारी बारिश का दौर थमा, कई जिलों में अभी भी बाढ़ जैसे हालात।

## मंत्रिमंडल निर्णय

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने आज रेल मंत्रालय की करीब 11,169 करोड़ रुपये की चार परियोजनाओं को अनुमति दी है। इनमें इटारसी- नागपुर चौथी लाइन भी शामिल है। नई दिल्ली में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड राज्यों के 13 जिलों को कवर करने वाली चार परियोजनाओं से भारतीय रेल के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 574 किलोमीटर की वृद्धि होगी। प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना लगभग 2,309 गांवों तक संपर्कता बढ़ाएगी, जिनकी जनसंख्या लगभग 43.60 लाख है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज 15वें वित्त आयोग चक्र 2021-22 से 2025-26 के दौरान चल रही केंद्रीय क्षेत्र योजना "प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना" के लिए 1920 करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय सहित कुल 6520 करोड़ रुपये को स्वीकृति दी गई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम को 2025-26 से चार वर्षों की अवधि के लिए दो हजार करोड़ रुपये की केंद्रीय अनुदान सहायता योजना को स्वीकृति दे दी है।

## मुख्यमंत्री आभार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन को मंजूरी देने के लिए आभार माना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन से प्रदेश

के नर्मदापुरम, बैतूल, पांढुर्णा सहित महाराष्ट्र के नागपुर को भी सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन परियोजना को मंजूरी मिलने से प्रदेश के महाकालेश्वर-ओंकारेशवर से श्रीशैलम (आंध्रप्रदेश) और रामेश्वरम (तमिलनाडु) तक ज्योतिर्लिंग यात्रा और सहज एवं आसान होगी। परियोजना के क्रियान्वयन से हर साल 5.3 करोड़ लीटर डीजल की बचत के साथ ही 10 मिलियन टन अतिरिक्त माल ढुलाई क्षमता विकसित होगी। साथ ही एक हजार 206 करोड़ रुपए की लॉजिस्टिक्स लागत में भी बचत संभावित होगी।

**<u>प्रधानमंत्री मुलाकात</u>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पार्लियामेंट हाउस नई दिल्ली में सौजन्य भेंट की । मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को मध्यप्रदेश की उपलब्धियों एवं नवाचार पर केंद्रित पुस्तिका "विरासत से विकास की राह" भेंट की।

**<u>विधानसभा</u>**

मध्य प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन सदन में दो महत्वपूर्ण संशोधन विधेयक पास किए गए। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने माल और सेवा कर संशोधन विधेयक और मंत्री प्रहलाद पटेल ने श्रम विधियां संशोधन विधेयक पेश किया। दोनों विधेयकों पर चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। विपक्ष ने आज भी ड्रग्स स्कैंडल और बिगड़ती कानून व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार को घेरा, जिसके बाद कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। सदन के बाहर आकर कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी की। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आरोप लगाया कि ड्रग्स माफियाओं को संरक्षण देने वालों की जानकारी होने के बावजूद सरकार कार्रवाई नहीं कर रही है।

**<u>संसद- गोयल अमरीकी शुल्क</u>**

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि सरकार अमरीका के हाल ही में भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए 25 प्रतिशत शुल्क के प्रभावों की समीक्षा

कर रही है। लोकसभा में आज श्री गोयल ने कहा कि देश राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी कदम उठाएगा।

**किसान सम्मान निधि**

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना ने कहा है कि 2 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत देश भर के किसानों को 20वीं किश्त का वितरण किया जाएगा। इस दिवस को "पीएम किसान दिवस" के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम वाराणसी उत्तरप्रदेश में होगा। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में कृषि विज्ञान केन्द्र, मंडी, एफपीओ, पीएसीएस पर पीएम किसान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण होगा।

**विश्व स्तनपान सप्ताह**

विश्व स्तनपान सप्ताह हर साल अगस्त के पहले सप्ताह में मनाया जाता है। एक अगस्त से प्रारंभ हो रहे विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने प्रदेश की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और सभी नागरिकों का आहवान किया है कि बच्चे को जन्म के पहले घंटे में माँ का दूध और छह माह तक केवल माँ का दूध देना अत्यंत आवश्यक है।

**मौसम**

प्रदेश में भारी बारिश का दौर थम गया, लेकिन कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। कल गुना, शिवपुरी, श्योपुर, मुरैना समेत कई जिलों में सैकड़ों लोगों को रेस्क्यू किया। मौसम विभाग ने राजगढ़, आगर, मंदसौर, भिंड, मुरैना और गुना सहित 12 जिलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि 4 अगस्त तक प्रदेश के सभी जिलों बारिश का यलो अलर्ट रहेगा। इस बीच कल प्रदेश में दतिया, राजगढ़, मुरैना और पन्ना जिलों में भारी वर्षा दर्ज की गई। इंदरगढ़ में 4.6 और दतिया में 4 इंच बारिश दर्ज की गई। शिवपुरी में

बाढ़ और अतिवृष्टि को देखते जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण रूम स्थापित किया गया है। पन्ना जिले में आज भी कई जिलों हल्की बारिश हो रही है।

**ट्राई टेस्ट**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने जून 2025 में देवास और उज्जैन शहरों, देवास-इंदौर-उज्जैन और भोपाल के मध्यवर्ती राजमार्गों और भोपाल से पांढुर्णा तक के रेलमार्ग को शामिल करते हुए स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट आयोजित किए हैं। इसमें शहरी क्षेत्रों, हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों आदि में मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को मापने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ट्राई ने अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से 2 जून से 7 जून के बीच भोपाल स्थित क्षेत्रीय कार्यालय की देखरेख में आयोजित किए गए। इसकी रिपोर्ट ट्राई की वेबसाइट www.trai.gov.in पर देखी जा सकती है।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 02 अगस्त को सीहोर के बडियाखेडी औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगपतियों से संवाद, नवीन औद्योगिक इकाईयों का भूमि पूजन करेंगे।
- खंडवा जिले में भूजल संवर्धन के लिए "अमृत संचय अभियान" के प्रचार प्रसार के लिए 5 अगस्त को सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स की कार्यशाला का आयोजन किया गया है।
- नीमच जिले आज आश्रय गृह में रहने वाले बालकों के लिए राखी बनाने की कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- उमरिया जिले में अनुविभागीय अधिकारी कमलेश नीरज ने संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित शाखाओं का निरीक्षण कर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए।
- और
- लंदन के ओवल में जारी भारत और इग्लैण्ड के बीच पांचवें क्रिकेट टैस्ट मैच के पहले दिन बारिश के कारण खेल रोक दिया गया है। भारत ने पहली पारी में दो विकेट पर 72 रन बना लिये हैं।